Mahendra's Daily Current Affairs: 26.10.2021

1-Prime Minister Narendra Modi inaugurated the Infosys Foundation Vishram Sadan at National Cancer Institute (NCI) in Jhajjar Campus of AIIMS New Delhi via video conferencing.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा एम्स नई दिल्ली के झज्जर परिसर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) में इंफोसिस फाउंडेशन विश्राम सदन का उद्घाटन किया।

2-In a landmark achievement, India's cumulative COVID-19 vaccination coverage crossed 100 crore doses.

एक ऐतिहासिक उपलब्धि में, भारत का संचयी कोविड -19 टीकाकरण कवरेज 100 करोड़ खुराक को पार कर गया।

3-The 'Invest Rajasthan-2022' summit will be held on January 24-25 next year at the Jaipur Exhibition and Convention Centre.

'इनवेस्ट राजस्थान-2022' सम्मेलन अगले साल जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में 24 और 25 जनवरी को होगा।

4-The Prime Minister, Narendra Modi laid the foundation stone of Rajkiya Medical College, Kushinagar. He also inaugurated and laid the foundation stones of various development projects in Kushinagar.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुशीनगर की आधारशिला रखी। उन्होंने कुशीनगर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

5-RakshaMantri Rajnath Singh launched Web Based Project Monitoring Portal (WBPMP)for Military EngineerServices (MES) at New Delhi.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली मेंमिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज (एमईएस) के लिए वेब आधारित परियोजना निगरानी पोर्टल (डब्ल्यूबीपीएमपी) लॉन्च किया।

6-Union Minister of State for Health and Family Welfare, Dr Bharati Pravin Pawar inaugurated a Comprehensive Resuscitation Training Centre (CRTC), at Vardhman Mahavir Medical College (VMMC) & Safdarjung Hospital.

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री, डॉ. भारती प्रवीण पवार ने वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल में एक कांप्रिहेन्सिव रिससिटेशन ट्रेनिंग सेंटर (सीआरटीसी) का उद्घाटन किया।

7-The Union Public Service Commission has opened a 'HELPLINE' (Toll Free Number 1800118711) with the objective to assist the candidates belonging to the Scheduled Caste (SC), Scheduled Tribe (ST), Other Backward Classes (OBC), Economically Weaker Sections (EWS) and Persons with Benchmark Disabilities (PwBD), who have applied/ or are intending to apply for the Commission's Examinations/ Recruitments.

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने आयोग की परीक्षाओं/भर्तियों के लिए आवेदन करने वाले या आवेदन करने की इच्छा रखने वाले अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), और बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) के अभ्यर्थियों की सहायता के उद्देश्य से एक 'हेल्पलाइन' (टोल फ्री नंबर **1800118711)** शुरू की है।

8-The 72nd Inter-services Football Championship was held at Maharaja Stadium, Kochi between 15 - 20 Oct 21. The championship was won by Indian Air Force.

72वीं इंटर-सर्विसेज फुटबॉल चैंपियनशिप **15** से **20** अक्टूबर,**2021** तक महाराजा स्टेडियम, कोच्चि में आयोजित की गई। यह चैंपियनशिप भारतीय वायु सेना ने जीती।

9-The US Food and Drug Administration (FDA) has authorised Covid-19 booster doses of Moderna and Johnson & Johnson, and approved "mix and match" booster dose for currently available approved Covid-19 vaccines.

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने मॉडर्ना और जॉनसन एंड जॉनसन की कोविड-**19** बूस्टर खुराक को अधिकृत किया है, और वर्तमान में उपलब्ध स्वीकृत कोविड-**19** टीकों के लिए 'मिक्स एंड मैच' बूस्टर खुराक को मंज़ूरी दी है।

10-Retail inflation for farm workers and rural labourers eased to 2.89 per cent and 3.16 per cent, respectively, in September, mainly due to lower prices of certain food items.

कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में घटकर क्रमश: **2.89** प्रतिशत और **3.16** प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी है।